# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 13/11/2024 |
| Exam Time | 9:00 AM - 11:00 AM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** साधारण ब्याज की एक निश्चित दर पर ₹12,000 की राशि 7 वर्षों में दोगुनी हो जाती है। समान ब्याज दर पर राशि को ₹60,000 होने में लगने वाला समय (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 25 B). 28 C). 30 D). 20 **Correct Answer: B**

**Q.2** सब्सिडी वाली कैंटीन के एक दुकानदार ने 4 kg चावल का एक पैकेट बनाने के लिए 4 : 1 : 3 के अनुपात में चावल की तीन किस्मों, X, Y और Z को मिलाया। X, Y और Z किस्मों के चावल का प्रति kg क्रय मूल्य क्रमशः ₹2, ₹4 और ₹6 हैं। चावल के पैकेट का क्रय मूल्य (₹ में) क्या होगा?

**Ans** A). 18 B). 15 C). 30 D). 10 **Correct Answer: B**

**Q.3** 2 वर्षों के लिए 7% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 390 B). 290 C). 310 D). 350 **Correct Answer: D**

**Q.4** 4 वर्षों के लिए 7% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 660 B). 700 C). 640 D). 740 **Correct Answer: B**

**Q.5** यदि $a = 2^2 \times 3^4 \times 5 \times 7^3$, $b = 2^3 \times 3^4 \times 5^2 \times 7^4$ और $c = 2^4 \times 3^2 \times 5^4 \times 7$ है, तो a, b और c का एचसीएफ (HCF) क्या होगा?

**Ans** A). 630 B). 1575 C). 180 D). 1260 **Correct Answer: D**

**Q.6** 100 km/h की चाल से चलने वाली 250 मीटर लंबी रेलगाड़ी विपरीत दिशा से 62 km/h की चाल से आ रही दूसरी रेलगाड़ी को 10 सेकंड में पार करती है। दूसरी रेलगाड़ी की लंबाई कितनी है?

**Ans** A). 240 मीटर B). 200 मीटर C). 230 मीटर D). 270 मीटर **Correct Answer: B**

**Q.7** एक खुदरा विक्रेता ₹48,000 अंकित मूल्य वाले मोबाइल फोन की बिक्री पर 25% की छूट की घोषणा करता है। मोबाइल फोन का क्रय मूल्य उसके अंकित मूल्य से 45% कम है। यदि खरीदार अपना पुराना मोबाइल फोन लौटाता है तो वह 7.5% की और छूट देता है। पुराने मोबाइल फोन लौटाने की योजना के साथ और पुराना मोबाइल फोन लौटाने की योजना के बिना खुदरा विक्रेता को होने वाले क्रमशः प्रतिशत लाभ का अनुपात ज्ञात करें।

**Ans** A). 11: 12 B). 32:23 C). 12: 11 D). 23:32 **Correct Answer: D**

**Q.8** क्रमशः 310 m और 340 m लंबाई वाली दो ट्रेनें एक-दूसरे से 285 m की दूरी पर हैं। वे क्रमशः 151 km/h और 155 km/h की चाल से समानांतर पटरियों पर एक-दूसरे की ओर बढ़ना शुरू करती हैं। दोनों ट्रेनें एक-दूसरे को कितने समय में पूरी तरह से पार कर लेंगी?

**Ans** A). 10 s B). 12 s C). 13 s D). 11 s **Correct Answer: D**

Q.9 दी गई तालिका मई 2023 महीने के आँकड़ों को दर्शाती है।

| कंपनी | कर्मचारियों की कुल संख्या | महिला कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|
| E | 22,456 | 10,230 |
| F | 25,320 | 11,256 |
| G | 21,250 | 10,985 |
| H | 23,548 | 12,320 |

कंपनी G और H में मिलाकर महिला कर्मचारियों की कुल संख्या, कंपनी F में कर्मचारियों की कुल संख्या का कितना प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) है?

**Ans** A). 90.25% B). 92.04% C). 82.07% D). 85.36%

**Correct Answer: B**

Q.10 पंकज ने ₹1,500 से ₹3,000 तक की प्राइस-रेंज (price range) वाली एक घड़ी खरीदी जो ₹2,500 से ₹3,500 तक की प्राइस-रेंज में बेची गई। यदि पंकज ऐसी 10 घड़ियाँ बेचता है, तो लेन-देन से उसे अधिकतम संभव लाभ (₹ में) __________ होगा।

**Ans** A). 19,000 B). 20,000 C). 23,854 D). 21,765


**Correct Answer: B**

Q.11 वह संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 11 : 29 के अनुपात के पदों में जोड़ा जाना चाहिए ताकि यह 11 : 20 के बराबर हो जाए।

**Ans** A). 12 B). 11 C). 9 D). 10

**Correct Answer: B**

Q.12 दिया गया ग्राफ़ चार शहरों P, Q, R और S में तीन प्रकार के वाहनों: X, Y और Z द्वारा दुर्घटनाओं की संख्या का डेटा दिखाता है। दिए गए ग्राफ़ का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।




संदर्भ: Accidents = दुर्घटनाएं

सभी प्रकार के वाहनों द्वारा दुर्घटनाओं की कुल संख्या के अनुसार शहरों का सही बढ़ता क्रम क्या है?

**Ans** A). S, R, P, Q B). R, Q, P, S C). R, P, Q, S D). S, R, Q, P

**Correct Answer: B**

Q.13 यदि कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या में 20% की वृद्धि होती है और प्रति व्यक्ति वेतन में 20% की कमी होती है, तो कुल वेतन में प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 20% की कमी B). 20% की वृद्धि C). 4% की वृद्धि D). 4% की कमी

**Correct Answer: D**

Q.14 7 संख्याओं का औसत 55 है। यदि पहली 4 संख्याएँ 48, 62, 135 और 74 हैं, तो शेष संख्याओं का औसत क्या होगा?

**Ans** A). 31 B). 25 C). 22 D). 19

**Correct Answer: C**

**Q.15** किसी गोलाकार धातु की गेंद को एक शंकु धारक बेलन की आकृति में इस प्रकार पिघलाया जाता है कि शंकु का आधार, बेलन के शीर्ष आधार को पूरी तरह से ढक लेता (overlaps) है। बेलन और गोले, प्रत्येक का व्यास 4.2 m है। यदि बेलन की ऊंचाई 1.4 m है, तो शंकु की ऊंचाई (m में) कितनी होगी?

**Ans** A). 1.4 B). 0.7 C). 4.2 D). 2.1

**Correct Answer: C**

**Q.16** 10 विद्यार्थियों के एक समूह की औसत ऊँचाई 172 cm है। 178 cm और 165 cm ऊँचाई वाले दो और विद्यार्थी समूह में शामिल हो जाते हैं और 160 cm औसत ऊँचाई वाले 3 विद्यार्थी समूह छोड़ देते हैं। परिवर्तनों के बाद समूह की नई औसत ऊँचाई (cm में, 1 दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) क्या है?

**Ans** A). 170.5 B). 174.6 C). 169.7 D). 175.9

**Correct Answer: D**

**Q.17** वसुधा ने अपनी वस्तुओं को उत्पादन लागत से 18% अधिक पर बेचने का दावा किया, लेकिन उसने तौलने के लिए एक ऐसे बाट का उपयोग किया जिस पर 1 kg लिखा था, लेकिन वास्तव में इसका भार y ग्राम था। यदि वसुधा द्वारा अर्जित वास्तविक लाभ प्रतिशत $33\frac{1}{3}\%$ था, तो y का मान ज्ञात करें।

**Ans** A). 890 B). 895 C). 880 D). 885

**Correct Answer: D**

**Q.18** एक लंब वृत्तीय ठोस धात्विक शंकु की ऊंचाई 7.2 cm है और इसके आधार की त्रिज्या 3.5 cm है। इसे पिघलाकर दो लंब वृत्तीय ठोस धात्विक शंकु बनाए जाते हैं, जो सभी रूपों में समान हैं। नए बने शंकुओं में से प्रत्येक के आधार की त्रिज्या 2.1 cm और ऊंचाई 'h' है। 'h' का मान (cm में) क्या है?

**Ans** A). 10 B). 14 C). 12 D). 21

**Correct Answer: A**

**Q.19** 6 बच्चों का औसत भार 1.5 kg बढ़ जाता है जब उनमें से एक के स्थान पर 12 kg भार वाला एक नया बच्चा आ जाता है। नए बच्चे का भार क्या है?

**Ans** A). 22 kg B). 14.5 kg C). 21 kg D). 14 kg

**Correct Answer: C**

**Q.20** यदि एक शंक्वाकार बर्तन की ऊंचाई 12 cm और त्रिज्या 6 cm है, तो शंक्वाकार बर्तन का आयतन कितना है?

**Ans** A). $154\,\pi\,cm^3$ B). $144\,\pi\,cm^3$ C). $234\,\pi\,cm^3$ D). $254\,\pi\,cm^3$

**Correct Answer: B**


## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। G, उस F के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है, जो D के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। C, उस B के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है, जो E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। A, B के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है।
E के ठीक दाएँ कौन बैठा है?


**Ans** A). B B). D C). A D). G


**Correct Answer: D**


**Q.2** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जो पैटर्न को पूरा करने के लिए नीचे दी गई आकृति में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: A**

**Q.3** इस प्रश्न में दो कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी तीर, तलवारें हैं।
कुछ तलवारें, ड्रेगन हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ तलवारें, तीर हैं।
(II) कुछ ड्रेगन, तलवारें नहीं हैं।

Ans A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Correct Answer: D

---

**Q.4** एक निश्चित कूट भाषा में, 'FISH' को '6482' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SANE' को '7691' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। इसी कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या होगा?

Ans A). 7 B). 8 C). 9 D). 6

Correct Answer: D

---

**Q.5** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| K | | ↑ | ↑ | | △ | I | | K | K | | D | |
| D | I | N | I | N | D | ↑ | △ | 6 | △ | 6 | ↑ | ? |
| 6 | | △ | K | | 6 | N | | D | I | | N | |

Ans

A).

| | | |
|---|---|---|
| N | | ↑ |
| I | K | D |
| △ | | 6 |

B).

| | | |
|---|---|---|
| ↑ | | I |
| K | D | N |
| 6 | | △ |

C).

| | | |
|---|---|---|
| 6 | | K |
| I | D | N |
| △ | | ↑ |

D).

| | | |
|---|---|---|
| △ | | I |
| K | D | N |
| 6 | | ↑ |

Correct Answer: D

---

**Q.6** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

118 122 130 142 158 ?

Ans A). 186 B). 182 C). 166 D). 178

Correct Answer: D

---


**Q.7** NLRP अँग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से USYW से संबंधित है। KIOM उसी तरीके से RPVT से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए GEKI निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). NLRP B). LNRP C). NLPR D). LNPR

Correct Answer: A

---

**Q.8** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




Ans A).  B).  C).  D). 

Correct Answer: D

---

**Q.9** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

RJK, PMI, NPG, LSE, ?

Ans A). KVD B). JVC C). KWC D). KVC

Correct Answer: B

**Q.10** 19, एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 39 से संबंधित है। 1, उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 3 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 3 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 8 B). 7 C). 11 D). 9

**Correct Answer: B**

---

**Q.11** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'DAYS' को '3917' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'YOLK' को '2496' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'Y' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 9 B). 4 C). 2 D). 1

**Correct Answer: A**

---

**Q.12** एक निश्चित कूट भाषा में, 'MINT' को '9735' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'NEAR' को '4568' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'N' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 5 B). 6 C). 3 D). 4

**Correct Answer: A**

---

**Q.13** तीन कथन दिए गए हैं, जिसके बाद 1 और 2 क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए भले ही वे सर्वथा ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निर्णय लें कि कौन-सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
कोई डॉक्टर, नर्स नहीं है।
कुछ नर्स, रोगी हैं।
कुछ रोगी, औषधि हैं।


निष्कर्ष:
1. कुछ रोगी, डॉक्टर नहीं हैं।
2. कुछ नर्स, औषधि हैं।

**Ans** A). न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 अनुसरण करता है B). केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है C). निष्कर्ष 1 और 2 दोनों अनुसरण करते हैं D). केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है


**Correct Answer: D**


---


**Q.14** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: B**

---

**Q.15** सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। E के दायीं ओर से गिनने पर E और B के बीच में ठीक तीन व्यक्ति बैठे हैं। G और D दोनों F के निकटतम पड़ोसी हैं। C, A के ठीक बायीं ओर बैठा है। D और E एक-दूसरे के बगल में नहीं बैठे हैं। यदि सभी व्यक्तियों को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में, दक्षिणावर्त दिशा (clockwise direction) में, A से प्रारंभ करते हुए बैठाया जाए, तो A को छोड़कर, कुल कितने व्यक्तियों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans** A). 4 B). 3 C). 1 D). 2

**Correct Answer: C**

---

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण चिह्नों '+' और '×' तथा संख्याओं '4' और '5' को आपस में बदलने पर सही होगा?

**Ans** A). 10 × 4 + 5 = 60 B). 5 + 15 × 4 = 50 C). 5 × 4 + 10 = 40 D). 20 + 5 × 4 = 85

**Correct Answer: D**

---

**Q.17** LO15 किसी निश्चित प्रकार से OR30 से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, SV25, VY50 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, TW35 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). WA70 B). WZ17 C). AZ17 D). WZ70

**Correct Answer: D**

**Q.18** एक निश्चित कूट भाषा में, 'YATCH' को 'RTMVA' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'CAT' को 'VTM' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'ANAMOLIES' के लिए क्या कूट होगा?

Ans A). TGTEHEBXL B). TGSFHEBXL C). TGTFHEBXL D). TGTFGEBXL

Correct Answer: C

**Q.19** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 4, 70 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 8, 518 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 6 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 226 B). 222 C). 219 D). 216

Correct Answer: B

**Q.20** यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

392 × 7 − 2 ÷ 12 + 80 = ?

Ans A). 0 B). 2 C). 8 D). 4

Correct Answer: A

Section : **General Awareness**

**Q.1** निम्नलिखित में से किस तारीख को ब्रिटिश साम्राज्य ने भारत में संविधान सभा को अपनी शक्तियाँ हस्तांतरित की थी?

Ans A). 26 जनवरी B). 2 अक्टूबर C). 15 अगस्त D). 14 नवंबर

Correct Answer: C

**Q.2** राष्ट्रीय शास्त्रीय नृत्य संस्थान (National Institute of Classical Dance) द्वारा 2021 अभिनंदन सरोजा राष्ट्रीय पुरस्कार की प्राप्तकर्ता अपर्णा सतीसन (Aparna Satheesan), ________ और कुचिपुड़ी की प्रतिपादक हैं।

Ans A). कथक B). भरतनाट्यम C). मोहिनीअट्टम D). मणिपुरी

Correct Answer: B

**Q.3** धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार भारत के संविधान के किन अनुच्छेदों के अंतर्गत आता है?

Ans A). अनुच्छेद 25-28 B). अनुच्छेद 24-27 C). अनुच्छेद 29-32 D). अनुच्छेद 21-24

Correct Answer: A

**Q.4** सार्वजनिक वस्तुओं (goods) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?
I. खपत में प्रतिद्वंद्विता
II. गैर-बहिष्कृतता
III. धनात्मक सीमांत लागत

Ans A). केवल I और III B). केवल I C). केवल II और III D). केवल II

Correct Answer: D

**Q.5** सैम पित्रोदा (Sam Pitroda) की आत्मकथा ______ है।

Ans A). द सब्सटेंस एंड द शैडो (The Substance and The Shadow) B). बियोंड द लाइन्स (Beyond the lines)
C). इन द आफ्टरनून ऑफ टाइम (In the afternoon of time) D). ड्रीमिंग बिग: माई जर्नी टू कनेक्ट इंडिया (Dreaming Big: My Journey to Connect India)

Correct Answer: D

**Q.6** भारत सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (National Food Security Act - NFSA) को किस वर्ष अधिनियमित किया था?

Ans A). 2013 B). 2001 C). 2008 D). 2005

Correct Answer: A

**Q.7** भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार, भारत के राज्यों के किस युग्म में सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व (व्यक्ति/ $km^2$) दर्ज किया गया था?

Ans A). बिहार और पश्चिम बंगाल B). उत्तर प्रदेश और हरियाणा C). पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश D). बिहार और केरल

Correct Answer: A

**Q.8** जुलाई 2023 तक, भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार 'एक जिला, एक उत्पाद' (One District, One Product) योजना के तहत कितने उत्पाद अधिसूचित किए गए?

Ans A). 135 B). 125 C). 132 D). 137

Correct Answer: D

**Q.9** निम्नलिखित में से भारतीय दार्शनिक प्रणाली और इसके व्यापक रूप से अभिस्वीकृत प्रवर्तकों का कौन-सा युग्म गलत है?

Ans A). पूर्व मीमांसा - जैमिनी B). योग - पतंजलि C). न्याय - गौतम D). वैशेषिक - व्यास

Correct Answer: D

**Q.10** 23 मई, 2023 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में अध्यक्ष का पद किसने ग्रहण किया?

Ans A). एन.के. सिंह B). रवनीत कौर C). सुभाष चंद्र गर्ग D). नेहा भाटिया

Correct Answer: B

**Q.11** 'भारत छोड़ो आंदोलन' ________________ के नेतृत्व में शुरू हुआ था।

Ans A). मुहम्मद अली जिन्ना B). सुभाष चंद्र बोस C). जवाहरलाल नेहरू D). महात्मा गाँधी

Correct Answer: D

**Q.12** निम्नलिखित में से किस राष्ट्रकूट शासक ने 'हिरण्य गर्भ (Hiranya Garbha)' नामक समारोह किया था?

Ans A). ध्रुव प्रथम B). कृष्ण प्रथम C). गोविन्द तृतीय D). दंतिदुर्ग

Correct Answer: D

**Q.13** उस स्थान का नाम बताइए, जहाँ पश्चिम मध्य रेलवे जोन (West Central Railway Zone) का मुख्यालय स्थित है।

Ans A). जबलपुर B). जोधपुर C). जयपुर D). भोपाल

Correct Answer: A

**Q.14** लोकप्रिय जयपुर-अतरौली घराने के जनक कौन थे?

Ans A). उस्ताद विलायत खान (Ustad Vilayat Khan) B). उस्ताद अली अकबर खान (Ustad Ali Akbar Khan) C). उस्ताद अल्लादिया खान (Ustad Alladiya Khan) D). उस्ताद मुस्ताक अली खान (Ustad Mustaq Ali Khan)

Correct Answer: C

**Q.15** निम्नलिखित में से किस समझौते के कारण महात्मा गांधी ने दूसरे गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया?

Ans A). लखनऊ समझौता B). गांधी इरविन समझौता C). पेरिस की संधि D). पूना पैक्ट

Correct Answer: B

**Q.16** पृथ्वी पर अधिकांश पारिस्थितिक तंत्रों के लिए ऊर्जा का प्राथमिक स्रोत क्या है?

Ans A). ज्वारीय ऊर्जा (Tidal energy) B). सूर्य का प्रकाश (Sunlight) C). भूतापीय ऊष्मा (Geothermal heat) D). पवन (Wind)

Correct Answer: B

**Q.17** लोकसभा में मत बराबर होने की स्थिति में निर्णायक मत का प्रयोग कौन कर सकता है?

Ans A). उपराष्ट्रपति B). लोकसभा अध्यक्ष C). प्रधानमंत्री D). राष्ट्रपति

Correct Answer: B

**Q.18** IBA महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप (IBA Women's World Boxing Championships) 2023 भारत में कहाँ आयोजित की गई थी?

Ans A). कोलकाता B). नई दिल्ली C). बेंगलुरु D). मुंबई

Correct Answer: B

**Q.19** हड़प्पा सभ्यता में इमारतों के निर्माण में किस सामग्री का उपयोग नहीं किया जाता था?

Ans A). लोहा B). जिप्सम मोर्टार C). लकड़ी D). पकी हुई ईंटें

Correct Answer: A

**Q.20** भूमि (earth) के भीतर टेक्टोनिक प्लेटों की अचानक गति के कारण होने वाले उस कंपन या तरंग को क्या कहा जाता है जो भूमि में और उसके चारों ओर गति कर सकती/सकता है?

Ans A). प्रोत्थान (Upheaval) B). पूर्वकंप (Foreshock) C). भूकंपी तरंग (Seismic Wave) D). मेन शॉक (Main Shock)

Correct Answer: C

**Q.21** एक छोटा बच्चा खाना खाने में बहुत नख़रे करता है और उसे दूध पीना तथा दूध से बने उत्पाद बिलकुल भी पसंद नहीं। जब उसके दूध के दाँत गिरने लगते हैं, तो उनके स्थान पर स्थायी दाँत आने में बहुत लंबा समय लगता है। इसके पीछे संभावित कारण क्या हो सकता है?

Ans A). कैल्शियम की कमी B). विटामिन की कमी C). प्रोटीन की कमी D). शर्करा की कमी

Correct Answer: A

**Q.22** भारत में पश्चिमी विक्षोभ लाने वाली जेट प्रवाह (jet stream) कौन-सी है?

Ans A). पूर्वी जेट प्रवाह B). उत्तर ध्रुवीय जेट प्रवाह C). पश्चिमी जेट प्रवाह D). दक्षिण ध्रुवीय जेट प्रवाह

Correct Answer: C

**Q.23** झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल क्षेत्र के निम्नलिखित लोक नृत्यों में से कौन-सा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में है?

Ans A). कुम्मी B). दादरा C). छऊ D). कर्म नाच

Correct Answer: C

**Q.24** राइफल (निशानेबाज़ी के खेल में) _________ मिलीमीटर कैलिबर (बंदूक के बैरल का आंतरिक व्यास) की, एक ही बार में लोड की जाने वाली (single-loaded) बंदूक होती है, जिसका उपयोग सभी स्पर्धाओं में किया जाता है।

Ans A). 5.1 B). 4.5 C). 5.6 D). 4.8

Correct Answer: C

**Q.25** 0.25 g कार्बनिक यौगिक पूर्ण दहन के पश्चात् 0.20 g $CO_2$ देता है। कार्बन का प्रतिशत संघटन _____ है।

Ans A). 4.60% B). 21.82% C). 80.00% D). 78.18%

Correct Answer: B

Section : **English Language and Comprehension**

**Q.1** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**She is ___________ of spiders.**

**Ans** A). afraid  B). frightening  C). interest  D). fear

**Correct Answer: A**

**Q.2** **Select the grammatically correct sentence from the given options.**

**Ans** A). The salesman insisted that a payment against the purchase should be done by using an bank card.
B). A salesman insisted that the payment against an purchase should be done by using the bank card.
C). The salesman insisted that the payment against the purchase should be done by using a bank card.
D). A salesman insisted that a payment against a purchase should be done by using a bank card.

**Correct Answer: C**

**Q.3** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**We are planning to see an _________________ perform a symphony.**

**Ans** A). opera  B). orchestra  C). actress  D). actor

**Correct Answer: B**

**Q.4** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Tremendous  B). Fabulous  C). Obedence  D). Aggravate

**Correct Answer: C**

**Q.5** **Select the INCORRECTLY spelt word..**

**Ans** A). Faithfull  B). Peaceful  C). Joyful  D). Lovable

**Correct Answer: A**

**Q.6** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**Dig up dirt**

**Ans** A). Enquire about a missing person  B). Find and disclose evidence  C). To uncover negative information about someone or something.
D). Hide and protect vital evidence

**Correct Answer: C**

**Q.7** **Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.**
**Dr. Oppenheimer is the exceptional movie of all the movies in recent times.**

**Ans** A). of all the movies  B). in recent times  C). Dr. Oppenheimer is  D). the exceptional movie

**Correct Answer: D**

**Q.8** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The philanthropist's __________ donations significantly improved the quality of life in the community.**

**Ans** A). substantial  B). meagre  C). redundant  D). parsimonious

**Correct Answer: A**

**Q.9** **Select the option that best expresses the meaning of the given idiom.**

**When pigs fly**

**Ans** A). Correct approach  B). In unity  C). In due course of time  D). Just impossible

**Correct Answer: D**

**Q.10** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The cat likes to _________ in the sun during the afternoon.**

**Ans** A). lei  B). lye  C). lie  D). lay

**Correct Answer: C**

**Q.11** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Cacophony**

**Ans** A). Noise  B). Discord  C). Dissonance  D). Harmony

**Correct Answer: D**

**Q.12** **Select the correct spelling of the incorrectly spelt word in the given sentence.**

**She is an independant writer.**

**Ans** A). Indipendent  B). Independent  C). Indipendant  D). Independant

**Correct Answer: B**

**Q.13** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The movie was so boring that I fell _________.**

**Ans** A). slept  B). sleep  C). asleep  D). sleeping

**Correct Answer: C**

**Q.14** **निम्नलिखित वाक्य को भागों में विभाजित किया गया है। उनमें से एक में त्रुटि है। दिए गए विकल्पों में से उस भाग का चयन कीजिए जिसमें त्रुटि है।**

**After months of / meticulous planning and hard work, / a team successfully launched / their innovative product to the market.**

**Ans** A). a team successfully launched B). their innovative product to the market. C). After months of D). meticulous planning and hard work,

**Correct Answer: A**

**Q.15** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the underlined word.**
**"He was notorious for his avaricious behavior, always seeking ways to accumulate more wealth."**

**Ans** A). notorious B). sloth C). greedy D). generous

**Correct Answer: C**

**Q.16** **Select the option that is OPPOSITE in meaning to the underlined word in the given sentence.**

**The state played only a modest part in the outstanding advancement of modern morality.**

**Ans** A). Unimpressive B). Boastful C). Humble D). Moderate

**Correct Answer: B**

**Q.17** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**The residents of Rameswaram / about the 1940s were quite / orthodox, but were also / tolerant of other communities.**

**Ans** A). tolerant of other communities B). The residents of Rameswaram C). orthodox, but were also D). about the 1940s were quite

**Correct Answer: D**

**Q.18** **Select the most appropriate homophone to fill in the blank.While learning to drive, Shivani met with an accident because she couldn't hit the ________________.**

**Ans** A). brake B). brick C). brack D). break

**Correct Answer: A**

**Q.19** **Select the grammatically correct sentence from the given options.**

**These are the works of a great poet Tagore.**

**Ans** A). These are the works of the great poet Tagore. B). These are the works of that great poet Tagore.
C). These are the works of this great poet Tagore. D). These are the works of an great poet Tagore.

**Correct Answer: A**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**Following weeks of intense training, the athlete ____________________ in the championship.**

**Ans** A). have been competing B). were competing C). have competed D). competed

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In terms of technical difficulty, Nanga Parbat, the world's ninth (1)_____ peak, competes with K2. The first (2)_____ to the summit follows a narrow ridge. The 15,000-foot Rupal Face, a single wall of rock and ice, is located on the mountain's southern side. Climbers have dubbed the Nanga Parbat, which (3)______ as 'naked mountain', 'Killer Mountain'. This gives Annapurna a (4)______ of 32%, making it the most statistically dangerous of the world's 8,000-metre peaks. It is an avalanche-prone area with some technical difficulty. Climbers' misery is (5)_______ by insufficient local support, in addition to unpredictable weather and inaccessibility.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). deepest B). highest C). lengthiest D). fattest

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In terms of technical difficulty, Nanga Parbat, the world's ninth (1)_____ peak, competes with K2. The first (2)_____ to the summit follows a narrow ridge. The 15,000-foot Rupal Face, a single wall of rock and ice, is located on the mountain's southern side. Climbers have dubbed the Nanga Parbat, which (3)______ as 'naked mountain', 'Killer Mountain'. This gives Annapurna a (4)______ of 32%, making it the most statistically dangerous of the world's 8,000-metre peaks. It is an avalanche-prone area with some technical difficulty. Climbers' misery is (5)_______ by insufficient local support, in addition to unpredictable weather and inaccessibility.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). launch B). lift C). rise D). ascent

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In terms of technical difficulty, Nanga Parbat, the world's ninth (1)_____ peak, competes with K2. The first (2)_____ to the summit follows a narrow ridge. The 15,000-foot Rupal Face, a single wall of rock and ice, is located on the mountain's southern side. Climbers have dubbed the Nanga Parbat, which (3)______ as 'naked mountain', 'Killer Mountain'. This gives Annapurna a (4)______ of 32%, making it the most statistically dangerous of the world's 8,000-metre peaks. It is an avalanche-prone area with some technical difficulty. Climbers' misery is (5)_______ by insufficient local support, in addition to unpredictable weather and inaccessibility.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). translates B). transcribes C). transposed D). transliterates

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In terms of technical difficulty, Nanga Parbat, the world's ninth (1)_____ peak, competes with K2. The first (2)_____ to the summit follows a narrow ridge. The 15,000-foot Rupal Face, a single wall of rock and ice, is located on the mountain's southern side. Climbers have dubbed the Nanga Parbat, which (3)______ as 'naked mountain', 'Killer Mountain'. This gives Annapurna a (4)______ of 32%, making it the most statistically dangerous of the world's 8,000-metre peaks. It is an avalanche-prone area with some technical difficulty. Climbers' misery is (5)_______ by insufficient local support, in addition to unpredictable weather and inaccessibility.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). mortal rate B). frailty rate C). economic rate D). fatality rate

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In terms of technical difficulty, Nanga Parbat, the world's ninth (1)_____ peak, competes with K2. The first (2)_____ to the summit follows a narrow ridge. The 15,000-foot Rupal Face, a single wall of rock and ice, is located on the mountain's southern side. Climbers have dubbed the Nanga Parbat, which (3)______ as 'naked mountain', 'Killer Mountain'. This gives Annapurna a (4)______ of 32%, making it the most statistically dangerous of the world's 8,000-metre peaks. It is an avalanche-prone area with some technical difficulty. Climbers' misery is (5)_______ by insufficient local support, in addition to unpredictable weather and inaccessibility.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). perfectly B). increasingly C). worst D). exacerbated

**Correct Answer: D**